# निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
# व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर

## प्रैस नोट

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश के राजकीय एवं निजी बहुतकनीकी संस्थानों (पॉलिटेक्निक) में सत्र 2023-2024 के लिए उम्मीदवारों द्वारा PAT निर्धारित प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए संबंधित पॉलिटेक्निक में रिपोर्टिंग और मूल प्रमाण पत्र के सत्यापन की अन्तिम तिथि मौसम खराब होने की वजह से 10 जुलाई से बढ़ाकर 12 जुलाई की जाती है। इसके अतिरिक्त, यह भी सूचित किया जाता है कि दूसरे राउंड में प्रवेश हेतु भरने की प्रक्रिया 12 जुलाई की जगह 13 जुलाई से प्रारंभ होगी।

तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हिमाचल प्रदेश के अन्तर्गत चल रहे राजकीय एवं निजी बहुतकनीकी संस्थानों (पॉलिटेक्निक) में प्रवेश प्रथम 02 चरणों में Online Counselling द्वारा तथा खाली बची सीटों पर प्रवेश 02 Centralized Offline Counselling के आधार पर होता है। वर्तमान में यह प्रवेश प्रक्रिया 16 राजकीय व 08 निजी बहुतकनीकी संस्थानों हेतु 13 (तेरह) Diploma Courses के लिए चल रही है, जिसमें इस सत्र से Computer Engineering and IoT तथा Mechatronics Diploma भी शामिल हैं।

हस्ता/-
संयुक्त निदेशक
तकनीकी शिक्षा,
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर